मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-321
19/06/2020

# मुख्यमंत्री ने कोविड–19 उपचार केंद्र, योगीपुर ड्रेनेज पंपिंग सेट, पहाड़ी सम्प हाउस, बादशाही नाला एवं निर्माणाधीन अंतर्राज्यीय बस अड्डा का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

- मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कोरोना संक्रमितों के इलाज के लिए पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग में बनाये गये 100 बेडों वाले कोविड–19 उपचार केंद्र का निरीक्षण किया, सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। उपचार केंद्र में मौजूद अधिकारियों ने उपलब्ध सभी सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

- मुख्यमंत्री का निर्देश– कोविड–19 उपचार केन्द्र में कोरोना संक्रमण के उपचार हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं रखें ताकि इलाज में किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं आये। लोगों का सही से इलाज हो सके। उपचार केन्द्र पर दवाओं की पूर्ण उपलब्धता के साथ–साथ निर्बाध ऑक्सीजन आपूर्ति की व्यवस्था को हर हाल में सुनिश्चित रखें।

- पटना एवं आस पास के इलाकों में जलजमाव की स्थिति से निपटने के लिए की गई तैयारियों का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया।

- योगीपुर ड्रेनेज पंपिंग प्लांट एवं एन0बी0सी0सी0 प्लांट के निरीक्षण के क्रम में सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस पंपिंग सेट के माध्यम से कंकड़बाग क्षेत्र की जल निकासी की जाती है। मुख्यमंत्री का निर्देश– ट्रांसफार्मर को और ऊंचाई पर स्थापित किया जाय ताकि जल जमाव की स्थिति में भी निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सके और मशीन बंद नहीं हो सके साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु वैकल्पिक फीडर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। रोस्टर के अनुसार पर्याप्त संख्या में अधिकारियों एवं तकनीशियन की प्रतिनियुक्ति करें तथा उनकी उपस्थिति की मॉनीटरिंग भी करें।

- पहाड़ी सम्प हाउस का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री का निर्देश – बाईपास इलाके के एक तरफ जल की अधिकता होने पर वैकल्पिक व्यवस्था करके पानी को दूसरी तरफ के नाले में पहुंचाने की व्यवस्था करें ताकि जलजमाव की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। दूसरी तरफ भी जल निकासी तेजी से हो इसके लिये व्यवस्था सुनिश्चित करें।

- मुख्यमंत्री ने बिहार शहरी आधारभूत ढांचा विकास निगम लिमिटेड द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'मॉनसून–2020' का किया लोकार्पण।

- मुख्यमंत्री ने बादशाही नाला का किया निरीक्षण। मुख्यमंत्री का निर्देश– बादशाही नाला के पानी को ट्रीट करके ही पुनपुन में गिराया जाए, जो कि बाद में गंगा नदी में मिलता है। बादशाही नाला के किनारे–किनारे पक्की बाउंड्री बनायी जाए और नाला के किनारे सघन वृक्षारोपण भी कराया जाए।

- निर्माणाधीन अंतर्राज्यीय बस अड्डा पटना का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण। कार्य में तेजी लाने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश, कहा– आई0एस0बी0टी0 पटना के निर्माण से लोगों को होगी सहूलियत।

पटना, 19 जून 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज कोविड–19 उपचार केंद्र, योगीपुर ड्रेनेज पंपिंग सेट, पहाड़ी सम्प हाउस, बादशाही नाला एवं निर्माणाधीन अंतर्राज्यीय बस अड्डा का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमितों के इलाज के लिए पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग में बनाये गये 100 बेडों वाले कोविड–19 उपचार केंद्र का निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। उपचार केंद्र पर मौजूद अधिकारियों ने उपलब्ध सभी सुविधाओं के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कोविड–19 उपचार केन्द्र में कोरोना संक्रमण के उपचार हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं रखें ताकि इलाज में किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं आये। लोगों का सही से इलाज हो सके। उपचार केन्द्र पर दवाओं की पूर्ण उपलब्धता के साथ–साथ निर्बाध ऑक्सीजन आपूर्ति की व्यवस्था को हर हाल में सुनिश्चित रखें।

मुख्यमंत्री ने पटना एवं आसपास के इलाकों में जलजमाव की स्थिति से निपटने के लिए की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। योगीपुर ड्रेनेज पंपिंग प्लांट एवं एन0बी0सी0सी0 प्लांट के निरीक्षण के क्रम में सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस पंपिंग सेट के माध्यम से कंकड़बाग क्षेत्र की जलनिकासी की जाती है। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुये कहा कि ट्रांसफार्मर को और ऊंचाई पर स्थापित किया जाय ताकि जलजमाव की स्थिति में भी निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सके और मशीन बंद नहीं हो सके। साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु वैकल्पिक फीडर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। रोस्टर के अनुसार पर्याप्त संख्या में अधिकारियों एवं तकनीशियन की प्रतिनियुक्ति करें तथा उनकी उपस्थिति की मॉनीटरिंग भी करें।

मुख्यमंत्री ने पहाड़ी सम्प हाउस के निरीक्षण के दौरान निर्देश देते हुये कहा कि बाईपास इलाके के एक तरफ जल की अधिकता होने पर वैकल्पिक व्यवस्था कर पानी को दूसरी तरफ के

नाले में पहुंचाने की व्यवस्था करें ताकि जलजमाव की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। दूसरी तरफ भी जलनिकासी तेजी से हो, इसके लिये व्यवस्था सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने बादशाही नाला के निरीक्षण के दौरान निर्देश देते हुये कहा कि बादशाही नाला के पानी को ट्रीट करके ही पुनपुन में गिराया जाए, जो कि बाद में गंगा नदी में मिलता है। उन्होंने कहा कि बादशाही नाला के किनारे–किनारे पक्की बाउंड्री बनायी जाए और नाला के किनारे सघन वृक्षारोपण भी कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन अंतर्राज्यीय बस अड्डा, पटना के निरीक्षण के दौरान कहा कि कार्य में तेजी लायें। आई0एस0बी0टी0 पटना के निर्माण होने से लोगों को होगी सहूलियत।

मुख्यमंत्री ने बिहार शहरी आधारभूत ढांचा विकास निगम लिमिटेड द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'मॉनसून–2020' का लोकार्पण किया।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय, जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री उदय सिंह कुमावत, सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग श्री आनंद किशोर, सचिव जल संसाधन श्री संजीव हंस, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, आयुक्त पटना प्रमंडल श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, सचिव स्वास्थ्य श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, निदेशक बुडको श्री रमन कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

******